**Sub. Code: 302**

Roll No. __________

Please Check that this question paper contains 14 questions and 12 printed pages.

# DAV INSTITUTIONS, CHHATTISGARH

## SAMPLE QUESTION PAPER – 2 : 2023-24

**Class: XII**

**Time Allowed : 3 hrs.** **Subject – Hindi (Core)** **Max. Marks: 80**

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न पत्र मे दो खंड है - खंड 'अ' और 'ब'। कुल प्रश्न 14 हैं।
- खंड 'अ' में उप - प्रश्नों सहित 40 वस्तूपरक प्रश्न पूछे गए हैं, सभी 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
- खंड 'ब' में 08 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**खंड- अ [ वस्तुपरक प्रश्न ]**

1.**दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **1x10=10**

कोई अपने दुर्भाग्य को कोस रहा है, कोई अपनी पारिवारिक दीनता को दोषी बता रहा है।कोई सहारे के अभाव को अपनी असफलता का आधार मान रहा है। बहुत से असफल व्यक्ति इसी तरह अनेक कर्म को अपनी असफलता का आधार मानते हैं। विभिन्न कारणों की कल्पना कर हाथ- पर- हाथ धरे बैठे रहते हैं। वे अपने जीवन में कुछ कर नहीं पाते वे समाज के लिए, संसार के लिए कुछ नहीं कर पाते।

ऐसे मनुष्यों को जीवन में कोई राह नहीं मिलती, कोई चारा नहीं दिखता। वे दूसरों से अपेक्षा करते हैं कि कोई उन्हें किसी लक्ष्य- प्राप्ति का मार्ग दिखाएँ, सफलता की सिद्धि बताएँ, जिससे वह उस पर आसानी से चढ़ सकें, किंतु ऐसे लोगों को यह भली-भांति जानना चाहिए कि जहाँ चाह है, वहीं राह है। हमारी इच्छा-शक्ति स्वयं हमारे लिए मार्ग बना देती है। अच्छे कार्य में धन की उतनी आवश्यकता नहीं होती, जितनी इच्छाशक्ति की होती है। एमरसन ने ठीक ही कहा है कि इतिहास, पुराण सभी साक्षी हैं कि मनुष्य के दृढ़ संकल्प के आगे देव, दानव सभी पराजित होते रहे हैं। इच्छाशक्ति ने भगवान तक को घंटो कच्चे धागे से बाँधकर नचाया है।

हाँ, इतना अवश्य ध्यान रखना होगा कि हमारी चाह बरसाती बादल का एक टुकड़ा न हो, जिसे हवा का एक झोंका जिधर चाहे उड़ा कर ले जाए। यदि हमारी इच्छाशक्ति क्षुद्र और दुर्बल होगी, तो हमारी मानसिक शक्तियों का कार्य भी वैसा ही होगा। स्वामी विवेकानंद का दिव्य वचन है कि पवित्र और दृढ़ इच्छा सर्वशक्तिमान है। अतः यह नीति ठीक है कि हमारी चाह ही रास्ता बन जाती है। अंधकार से आच्छादित मानव ने कभी इच्छा व्यक्त की थी कि प्रकाश हो और प्रकाश हो गया। मनुष्य की इस चाह, इस लगन, इस उत्कट इच्छा- चमत्कार की अनगिनत कहानी है।

जब आततायी रावण श्रीरामवल्लभा सीता को हर कर लंका ले गया, तब राम को पता चला कि मार्ग में समुद्र व्यवधान बनकर खड़ा है। राम के अंतर्मन में सीता प्राप्ति की चाह में सागर पर सेतु निर्माण किया। चाणक्य के पास आखिर था क्या? किंतु नंद साम्राज्य के विनाश के उत्कट संकल्प ने उनके लिए मार्ग निर्माण कर दिया था। हमारे आदर्श नेताजी सुभाषचंद्र बोस के पास क्या साधन था? किंतु अंग्रेजों को भगा देने की दृढ़ चाह ने उनसे इतनी बड़ी 'आजाद हिंद फौज' की स्थापना कर दी थी। पंडित मदन मोहन मालवीय के पास कौन- सा कुबेर कोष था, किंतु उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की। उनकी इस लगन ने सारे विघ्नों को काटकर मार्ग बना दिया।

[i] अधिकांश असफल व्यक्ति कुछ विशेष क्यों नहीं कर पाते हैं?

[क] दूसरों को दोषी ठहराने के कारण

[ख] दूसरों से ईर्ष्या द्वेष के कारण

[ग] स्वयं को महान समझने के कारण

[घ] ईश्वर को मानने के कारण

[ii] अंधकार से आच्छादित मानव ने कैसी इच्छा व्यक्त की थी?

[क] अंधकार होने की

[ख] प्रकाश हो जाने की

[ग] धन प्राप्त करने की

[घ] असफल न होने की

[iii] अच्छे कार्य करने में किसकी आवश्यकता होती है?

[क] धन की

[ख] इच्छाशक्ति की

[ग] मधुर वचनों की

[घ] देवताओं के आशीर्वाद की

[iv] असफल व्यक्ति अपनी असफलता के लिए किसे दोषी ठहराता रहता है?

[क] दुर्भाग्य को

[ख] सहारे के अभाव को

[ग] पारिवारिक दीनता को

[घ] उपर्युक्त सभी

[v] असफल व्यक्ति दूसरों से अपेक्षा रखता है कि

[क] उनसे उसे धन प्राप्त हो

[ख] वह उसका दुख में साथ दें

[ग] वे उसे लक्ष्य- प्राप्ति का मार्ग दिखाएं

[घ] वह उसे प्रत्येक कार्य करके दें

[vi] 'बरसाती बादल के टुकड़े' से क्या तात्पर्य है?

[क] हमारी चाह क्षणिक न हो

[ख] हमारी चाह बरसात में पूर्ण हो

[ग] हमारी इच्छा अत्यंत विशाल हो

[घ] हमारी चाह दूसरों को अच्छी लगे

[vii] निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1.असफल व्यक्ति कर्मठ नहीं होते, अपितु वे अपनी असफलता का दोषी दूसरों को मानते हैं।

2. इच्छा शक्ति सफलता की कुंजी है।

3. दूसरे व्यक्ति ही मनुष्य को सफलता का मार्ग बताते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन- सा / से सही है-

[क] केवल 1

[ख] केवल 2

[ग] 1 और 2

[घ] 1 और 3

[viii] पं. मदनमोहन मालवीय के पास कौन- सा कुबेर कोष था? लेखक के इस कथन से अभिप्राय है कि पं. मदन मोहन मालवीय-

[क] बहुत धनवान थे

[ख] उनके पास कुबेर के समान धन नहीं था

[ग] बहुत धनवान नहीं थे

[घ] कुबेर से धन लेकर विश्वविद्यालय की स्थापना की

[ix] निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन [A]  नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने 'आजाद हिंद फौज' की स्थापना की।

कारण [R]  नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के मन में अंग्रेजों को भगा देने की दृढ़ इच्छा शक्ति थी।

[क] कथन [A] और कारण [R] दोनों सही हैं तथा कारण [R] कथन [A] की सही व्याख्या करता है

[ख] कथन [A] गलत है, किंतु कारण [R] सही है

[ग] कथन [A] तथा कारण [R] दोनों गलत है

[घ] कथन [A] और कारण[R] दोनों सही हैं, लेकिन कारण[R] कथन[A] की सही व्याख्या नहीं करता है

[x] प्रस्तुत गद्यांश किस विषय वस्तु पर आधारित है-

[क] धन प्राप्ति के साधन पर

[ख] राम नाम की महिमा पर

[ग] शिक्षा के महत्व पर

[घ] दृढ़ इच्छा शक्ति पर

2.**दिए गए अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **1x5=5**

हम जंग न होने देंगे।
विश्व-शांति के हम साधक हैं. जंग न होने देंगे।
कभी न खेतों में फिर खूनी खाद फलेगी
खलिहानों में नहीं मौत की फसल खिलेगी
आसमान फिर कभी न अंगारे उगलेगा,
एटम से  नागासाकी फिर नहीं जलेगी
युद्धविहीन विश्व का सपना भंग न होने देंगे
जंग न होने देंगे।
हथियारों के ढेरों पर जिनका है डेरा,
मुंह में शांति, बगल में बम, धोखे का फेरा
कफन बेचने वालों से कह दो चिल्लाकर
दुनिया जान गई है उनका असली चेहरा
कामयाब हो उनकी चालें, ढंग न होने देंगे,
जंग न होने देंगे।
हमें चाहिए शांति ,जिंदगी हमको प्यारी
हमें चाहिए शांति, सृजन की है तैयारी
हमने छेड़ी जंग भूख से, बीमारी से
आगे आकर हाथ बटाए दुनिया सारी।
हरी - भरी धरती को खूनी रंग न लेने देंगे।
जंग न होने देंगे।

[i] कवि किस स्वप्न को टूटने नहीं देना चाहता है?

[क] पारस्परिक श्रेष्ठता  का स्वप्न

[ख] संसार की संपन्नता का सपना

[ग] विश्वशांति का स्वप्न

[घ] युद्धरहित संसार का स्वप्न

[ii] 'खलिहानों में नहीं मौत की फसल खिलेगी '  पंक्ति का क्या तात्पर्य है?

[क] युद्ध के कारण फसल नष्ट नहीं होगी

[ख] खेतों में मृत व्यक्तियों के शव नहीं दिखाई देंगे

[ग] खेती करने वाला मौत का शिकार नहीं बनेगा

[घ] युद्ध अपार जनसंहार का कारण नहीं बनेगा

[iii] निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. कवि विश्व को सर्वनाश से बचाने के लिए युद्ध के पक्ष में है।
2. कवि नागासाकी का दोबारा विनाश नहीं चाहता है।
3. जंग हथियारों से नहीं भूख से, बीमारी से होनी चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन- सा / से सही है-

[क] केवल 1

[ख] केवल 3

[ग] 1 और 2

[घ] 2 और 3

[iv] इस काव्यांश से हमें क्या सीख मिलती है?

[क] यहां कवि चाहता है कि एटम बमों का प्रयोग किया जाए

[ख] यहां कवि चाहता है कि सारा विश्व मिलकर परस्पर युद्ध करें

[ग] यहां कवि चाहता है कि विश्व की हरी-भरी धरती सूखने न पाए

[घ] यहां कवि ने विश्व से युद्ध न करने तथा शांति रखने की अपील की है

[v] कालम 1 को कालम 2 से सुमेलित कीजिए -

| **कालम 1** | **कालम 2** |
|---|---|
| A. खूनी खाद नहीं फलेगी | 1. एटम में |
| B. जंग छेड़ी | 2. खेतों में |
| C. नागासाकी फिर नहीं जलेगी | 3. भूख , बीमारी |

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| [क] | 3 | 2 | 1 |
| [ख] | 1 | 3 | 2 |
| [ग] | 2 | 1 | 3 |
| [घ] | 2 | 3 | 1 |

**3. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए- 1x5=5**

[I] कारोबार और व्यापार से संबंधित खबर का संबंध किससे है?

[क] खेल क्षेत्र से

[ख] कृषि क्षेत्र से

[ग] आर्थिक क्षेत्र से

[घ] राजनीतिक क्षेत्र से

[ii] किसी घटना या समस्या से संबंधित तथ्यों के विस्तृत और बारीक विवरण को प्रस्तुत करने वाली रिपोर्ट कहलाती है-

[क] विश्लेषणात्मक रिपोर्ट

[ख] विवरणात्मक रिपोर्ट

[ग] खोजी रिपोर्ट

[घ] इन- डेप्थ रिपोर्ट

[iii] समाचार लेखन की सबसे अधिक प्रभावी शैली कौन- सी है?

[क] सीधा पिरामिड शैली

[ख] उल्टा पिरामिड शैली

[ग] संवादात्मक शैली

[घ] व्यंग्यात्मक शैली

[iv] निम्न में से कौन- सा अखबार प्रिंट रूप में न होकर केवल इंटरनेट पर ही उपलब्ध है?

[क] जागरण

[ख] हिंदुस्तान

[ग] प्रभासाक्षी

[घ] प्रभात खबर

[v] सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| A. जिज्ञासा | 1.अमेरिका |
| B. न्यायालय पत्रकारिता | 2.पत्रकारिता का दायित्व |
| C. जनहित के लिए संघर्ष | 3.पत्रकारिता का मूल तत्व |
| D. पीत पत्रकारिता की शुरुआत | 4.प्रशासनिक कामकाज की गड़बड़ी को सार्वजनिक करना |

**कूट**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| [क] | 2 | 3 | 4 | 1 |
| [ख] | 3 | 4 | 2 | 1 |
| [ग] | 1 | 4 | 3 | 2 |
| [घ] | 4 | 3 | 1 | 2 |

4. **दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **1x5=5**

अट्टालिका नहीं है रे
आतंक- भवन
सदा पंक पर ही होता
जल- विप्लव- प्लावन
क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से
सदा छलकता नीर
रोग शोक में भी हंसता है
शैशव का सुकुमार शरीर।

[i] कवि आतंक- भवन किसे मानता है?

[क] धरती को

[ख] अट्टालिकाओं को

[ग] आकाश को

[घ] उपर्युक्त सभी

[ii] 'रोग शोक में भी हंसता है
शैशव का सुकुमार शरीर '- पंक्ति का भाव है-

[क] वे क्रांति घटित करने में आनंदित नहीं होते

[ख] निम्न वर्ग के शिशु रोग व शोक में दुखी रहते हैं

[ग] निम्न वर्ग के सुकुमार शिशु संघर्षशील एवं जुझारू होते हैं और सदा मुस्कुराते हैं

[घ] उपर्युक्त में से कोई नहीं

[iii] काव्यांश में ' पंक ' और ' जलज ' किसके प्रतिकार्थ हैं-

[क] उपेक्षित एवं निम्न वर्ग के

[ख] शोषक एवं शोषित वर्ग के

[ग] निम्न एवं मध्यम वर्ग के

[घ] धनी एवं गरीब वर्ग के

[iv] 'सदा पंक पर ही होता '- में ' पंक ' का अर्थ है -

[क] निम्न वर्ग

[ख] कीचड़

[ग] मध्यम वर्ग

[घ] उच्च वर्ग

[v] निम्नलिखित कथन-कारण को ध्यान पूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन [A] जल प्लावन हमेशा पथ पर ही होता है।

कारण [R] ऊंचे भवनों का निर्माण निम्न वर्ग के शारीरिक एवं आर्थिक शोषण से पैदा की गई पूंजी से हुआ है।

[क] कथन [A] और कारण [R] दोनों सही है तथा कारण [R] कथन [A] की सही व्याख्या करता है

[ख] कथन [A] गलत है लेकिन कारण [R] सही है

[ग] कथन [A] तथा कारण [R] दोनों गलत है

[घ] कथन [A] सही है लेकिन कारण [R] उसकी गलत व्याख्या करता है

5. **दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **1x5=5**

शिरीष तरु सचमुच एक अवधूत की भांति मेरे मन में ऐसी तरंगे जगा देता है, जो ऊपर की ओर उठती रहती हैं। इस चिलकती धूप में इतना सरस वह कैसे बना रहता है? क्या यह बाह्य परिवर्तन धूप, वर्षा, आंधी, लू अपने आप में सत्य नहीं है? हमारे देश के ऊपर से जो यह मार-काट अग्नि दाह , लूट -पाट खून-खच्चर का बवंडर बह गया है, उसके भीतर भी क्या स्थिर रहा जा सकता है? शिरीष रह सका है। अपने देश का एक बूढ़ा रह सका था। क्यों मेरा मन पूछता है कि ऐसा क्यों संभव हुआ? क्योंकि शिरीष भी अवधूत है। शिरीष वायुमंडल से रस खींचकर इतना कोमल और इतना कठोर है। गांधीजी भी वायुमंडल से रस खींचकर इतने कोमल और इतने कठोर हो सके थे। मै जब-जब शिरीष की ओर देखता हूं, तब- तब हूक उठती है- हाय , वह अवधूत आज कहां है?

[i] शिरीष के फूल के प्रमुख विशेषता क्या है?

[क] भव्यता

[ख] मस्ती

[ग] दिव्यता

[घ] प्रगल्भता

[ii] लेखक के मन में शिरीष का वृक्ष किस प्रकार की तरंगे जगा देता है?

[क] जो हमेशा नीचे की ओर जाती है

[ख] जो हमेशा ऊपर की ओर जाती है

[ग] जो ऊपर नीचे हिलती रहती है

[घ] उपर्युक्त में से कोई नहीं

[iii] शिरीष स्थिर कैसे रह सका है?

[क] उच्च स्तर की शक्ति के कारण

[ख] वह चिलचिलाती धूप में भी सरस बना रहता है

[ग] वह बाहरी परिवर्तनों धूप, वर्षा, आंधी ,लू को झेलता है

[घ] कोमल होने के कारण

[iv] शिरीष वायुमंडल से रस खींचकर कैसा बना रहता है?

[1] कोमल

[2] कठोर

[3] पवित्र

[4] निर्मल

***कूट***

[क] केवल 1

[ख] केवल 3

[ग] 1 और 2

[घ] 2 और 4

[v] गांधी जी किस वृक्ष के समान हो सकते थे?

[क] अशोक

[ख] शिरीष

[ग] पुन्नाग

[घ] बकुल

**6. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए- 1x10=10**

[i] कहानी 'सिल्वर वेडिंग 'में किशन दा की मृत्यु के संदर्भ में ' जो हुआ होगा ' से कहानीकार का क्या तात्पर्य रहा है?

[क] लेखक मृत्यु से बहुत दुखी है

[ख] लेखक को मृत्यु का कारण पता है

[ग] लेखक मृत्यु के कारण से अपरिचित है

[घ] लेखक को मृत्यु से कोई अंतर नहीं पड़ता है

[ii] ' जूझ ' कहानी का उद्देश्य है-

[क] जीवन में संघर्ष की महत्ता प्रतिपादित करना

[ख] जीवन में शिक्षा की महत्ता प्रतिपादित करना

[ग] ग्रामीण जीवन की कठिनाइयों का उल्लेख करना

[घ] जीवन में शिक्षक की भूमिका दर्शाना

[iii] लेखक ने सिंधु- सभ्यता को जल- संस्कृति किस आधार पर कहा है?

[क] उस समय अधिक वर्षा होने के कारण

[ख] नदी, कुएं, कुंड, स्नानागार और बेजोड़ जल निकासी के कारण

[ग] केवल नदियों के किनारे बसी होने के कारण

[घ] जल की बर्बादी को रोकने के कारण

[iv] मुअनजो- दड़ो में स्थित अजायबघर को किसके समान बताया गया है?

[क] कस्बाई स्कूल की इमारत के समान

[ख] मुर्दों के टीलों के समान

[ग] संपन्न बस्ती के समान

[घ] नियोजित व्यवस्था के समान

[v] ' जूझ ' पाठ के अनुसार लेखक ने अपनी जन्मजात प्रतिभा का परिचय किस प्रकार दिया?

[क] नए-नए विषयों पर कविता लिखकर

[ख] विद्यालय में प्रवेश लेकर

[ग] पिता का विरोध करके

[घ] माता की आज्ञा का पालन करके

[vi] ' सिल्वर वेडिंग ' कहानी की मूल संवेदना पीढ़ी का अंतराल है, क्योंकि-

[क] सिद्धांतवादियों की कमी के कारण समाज बदल रहा है

[ख] पश्चिम के अंधानुकरण के कारण मानवीय मूल्य समाप्त होते जा रहे हैं

[ग] पारिवारिक संबंधों में आत्मीयता का समावेश हो रहा है

[घ] नई पीढ़ी पुरानी पीढ़ी को महत्व देती आ रही है

[vii] ' जूझ ' कहानी में आनंदा के मास्टर सौंदलगेकर ने किस पर कविता लिखी थी?

[क] आनंदा की जुझारू प्रवृत्ति पर

[ख] मालती लता की सुंदरता पर

[ग] विद्यालय के अनुशासनपूर्ण व्यवहार पर

[घ] मराठी भाषा के महत्व पर

[viii] निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. सिंधु घाटी की सभ्यता के लिखित प्रमाण नहीं मिलते।
2. सिंधु घाटी की सभ्यता के अनेक मौखिक प्रमाण प्राप्त हैं।
3. सिंधु घाटी सभ्यता अत्यंत सीमित और कमजोर थी।
4. सिंधु घाटी सभ्यता समाज को विकसित करने के लिए कार्य करती थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन- सा / से सही है-

[क] केवल 1

[ख] 2 और 4

[ग] 2 और 3

[घ] 1 और 4

[ix] निम्नलिखित कथन-कारण को ध्यान पूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन [A]  कुछ किसान बाद में गुड निकालने को ज्यादा बेहतर समझते थे।

कारण [R]  देर तक खड़ी रहने वाली ईख के रस में गुड ज्यादा निकलता है।

[क] कथन [A] सही है, परंतु कारण [R] गलत है

[ख] कथन [A] गलत है, परंतु कारण [R] सही है

[ग] कथन [A] और कारण [R] दोनों सही है, लेकिन कारण [R] कथन [A] की सही व्याख्या नहीं करता है

[घ] कथन [A] और कारण [R] दोनों सही हैं, तथा कारण [R] कथन[A] की सही व्याख्या करता है

[x] यशोधर बाबू ने जब बेटे का उपहार में दिया हुआ ' ऊनी गाउन ' पहना, तो उन्हें कैसा लगा?

[क] जैसे उनके अंगों में किशन दा उतर आए हो

[ख] जैसे वे आधुनिक हो गए हो

[ग] जैसे वह नए विचारों के प्रति सहज हो गए हो

[घ] जैसे उन्हें कुछ काटने को दौड़ रहा हो

## खंड - ' ब ' [ वर्णनात्मक प्रश्न ]

**7. दिए गए अप्रत्याशित विषयों में से किसी *<u>एक</u>* विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक ले   लिखिए- 1x5=5**

[क] अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का बढ़ता कद

[ख] अपने जीवन की मधुर स्मृतियों का वर्णन

[ग] वर्तमान युग में रिश्ते - नातों की कम होती अहमियत

**8. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग 40 शब्दों में उत्तर लिखिए- 2x2=4**

[i] नए एवं अप्रत्याशित विषयों पर लेखन से आप क्या समझते हैं? यह एक चुनौती कैसे हैं?

अथवा

रेडियो नाटक की कहानी में किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है?

[ii] कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय हमें किस प्रकार की सावधानियां रखनी चाहिए?

अथवा

रेडियो नाटक और सिनेमा में क्या असमानताएं होती हैं?

**9. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं *<u>दो</u>* प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों**

**में लिखिए- 3x2=6**

[i] टी.वी. पर प्रसारित होने वाली सूचनाएं किन-किन चरणों से होकर गुजरती हैं? किन्ही चार का उल्लेख कीजिए।

[ii] विशेषीकृत पत्रकारिता को संक्षेप में समझाइए।

[iii] पत्रकारिता में ' बीट ' शब्द का क्या अर्थ है? बीट रिपोर्टर की रिपोर्ट कब विश्वसनीय मानी जाती है?

**10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन में से किन्ही _दो_ प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 3x2=6**

[i] विलाप और शोक के वातावरण में हनुमान के आगमन को करुण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा गया है?

[ii]' कैमरे में बंद अपाहिज ' सामाजिक संवेदनशून्यता का जीता- जागता उदाहरण है। कैसे? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।

[iii] ' बात सीधी थी पर ' कविता के आधार पर भाषा को सहूलियत से बरतने का आशय एक उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

**11. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन में से किन्ही _दो_ प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- 2x2=4**

[i] कवि-कर्म और कृषि-कर्म दोनों में से किसका प्रभाव दीर्घकालिक होता है और कैसे? 'छोटा मेरा खेत ' कविता के आधार पर लिखिए।

[ii] कौन- सा विचार दिन ढलने के बाद लौट रहे पंथी के कदमों को धीमा कर देता है? बच्चन के गीत के आधार पर उत्तर लिखिए।

[iii] ' उषा ' कविता गांव की सुबह का गतिशील शब्द चित्र है? स्पष्ट कीजिए।

**12. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन में से किन्ही _दो_ प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 3x2=6**

[i] बाजार का जादू क्या है? उसके चढ़ने-उतरने का मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है?

[ii] भक्तिन अच्छी है, पर उसमें दुर्गुणों का अभाव नहीं- इस कथन के समर्थन में तीन तर्क दीजिए।

[iii] गांव में महामारी फैलने और अपने बेटों के देहांत के बावजूद लुट्टन पहलवान के ढोल बजाते रहने का मर्म स्पष्ट कीजिए।

**13. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए-** **2x2=4**

[i] डॉ. आंबेडकर के मत से ‘ दासता ‘ की व्यापक परिभाषा क्या है?

[ii] पहलवान लुट्टन सिंह को जब राजा साहब की कृपादृष्टि प्राप्त हुई तब पहलवान की दिनचर्या में क्या अंतर आया?

[iii] जीजी ने इंदर-सेना पर पानी फेंके जाने को किस तरह सही ठहराया?

**14. वितान पर आधारित निम्नलिखित तीन में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए-** **2x2=4**

[i] यशोधर बाबू की पत्नी मुख्यतः पुराने संस्कारों वाली थी, फिर किन कारणों से वह आधुनिक बन गई?

[ii] ‘ सिंधु- सभ्यता की खूबी उसका सौंदर्य बोध है, जो राजपोषित या धर्मपोषित न होकर समाजपोषित था’ ऐसा क्यों कहा गया है?

[iii] श्री सौंदलगेकर के अध्यापन की उन विशेषताओं को रेखांकित करें, जिन्होंने कविताओं के प्रति लेखक के मन में रुचि जगाई।

\------------------------------------------